हरिभूमि

# सोनीपत भूमि

रोहतक, मंगलवार, 19 अगस्त 2025

तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

12 बारिश ने फिर खोली पानी निकासी की पोल...



12 पंद्रह दिन में गांवों और वार्डों का करेंगे दौरा बदल देंगे गन्नौर विस का नक्शा...



## खबर संक्षेप

### लेयर फार्म में चोरी का तीसरा आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** थाना बरोदा की पुलिस ने लेयर फार्म से सामान चोरी की घटना में तीसरे आरोपित गांव मदीना के अंकित को गिरफ्तार किया। न्यायालय के आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत में भेजा। लक्ष्मी नगर के आनंद ने चार जून को पुलिस को शिकायत दी थी कि गांव खानपुर खुर्द में उसके लेयर फार्म से पंखे और अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने आरोपित अंकित को गिरफ्तार किया, जिससे चोरी की बाइक व बिजली की तार बरामद की।

### किसान के खेत से सोलर प्लेट का कंट्रोलर चोरी

**गोहाना।** मुंडलाना गांव में एक किसान के खेत से सोलर प्लेट का कंट्रोलर चोरी हो गया। इसको लेकर किसान रमेश ने सदर थाना में शिकायत दी। रमेश ने बताया कि उसने अपने खेत में सोलर प्लेट लगवाई हुई हैं। वहां से किसान ने सोलर प्लेट का कंट्रोलर चोरी कर लिया। उसने अपने स्तर पर कंट्रोलर की तलाश भी की, लेकिन सुराग नहीं लगा। इस पर पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### प्रदर्शन करके शिक्षिका मनीषा के लिए मांगा न्याय

**गोहाना।** सोमवार को गोहाना में विद्यार्थियों व युवाओं ने सड? पर उतरकर भिवानी में शिक्षिका मनीषा के लिए न्याय की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने उसकी जान लेने वाले आरोपितों की पहचान करके फांसी देने की मांग की। आईटीआई के प्रधान चामरा, विजय, अर्पित ने कहा कि भिवानी में गांव ढाणी की बेटी मनीषा 11 अगस्त को घर से निकली थी। दो दिन बाद उसका शव दूसरे गांव के खेतों में मिला था। एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद पुलिस आरोपितों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। पुलिस आरोपितों को गिरफ्तार करके उनको फांसी पर लटकाए। मनीषा की हत्या के मामले को अब दूसरी दिशा में ले जाने की कोशिश की जा रही है, जो उचित नहीं है। विद्यार्थी गोहाना बस स्टैंड पर एकत्रित हुए और इसके बाद प्रदर्शन करते हुए शहर में जुलूस निकाला।

### मादक पदार्थ तस्करी में दूसरा आरोपित पकड़ा

**गोहाना।** क्राइम यूनिट गोहाना की पुलिस टीम ने मादक पदार्थ तस्करी की घटना में दूसरे आरोपित को गिरफ्तार किया। आरोपित गांव नांगल कला का बिजेंद्र है, जिसने मादक पदार्थ उपलब्ध कराया था। न्यायालय के आदेश पर उसे चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। 12 जून को सहायक उप निरीक्षक अनीत कुमार पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। उन्हें सूचना मिली थी कि गांव नांगल कला का सचिन गांजा बेचता है और उसके पास काफी मात्रा में अवैध गांजा है। पुलिस ने उसे काबू किया था और 39 किलो 520 ग्राम गांजा बरामद किया था। उसके विरुद्ध कुंडली थाना में केस दर्ज किया गया था।

16 अगस्त को सीएनजी पाइपलाइन में लीकेज के चलते आई दिक्कत

## सोनीपत में अनिश्चितकाल के लिए बंद हुए सीएनजी पंप

- यमुना नदी उफान पर इसीलिये नहीं हो पा रही मरम्मत
- जिले भर में 28 सीएनजी पंप, सोमवार को सिर्फ एक पंप था चालू
- हजारों की संख्या में हैं सीएनजी गाड़ियां, लोग हो रहे हैं परेशान



सोनीपत। गोहाना रोड स्थित बंद सीएनजी फिलिंग स्टेशन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिले भर के हजारों सीएनजी चलित गाड़ियों के मालिकों के लिये परेशानी पैदा हो गई है। दो दिन पहले गेल गैस लाइन में आई लीकेज और यमुना में बढ़ा जलस्तर सीएनजी गाड़ी मालिकों के लिये दिक्कतें पैदा कर रहा है। पाइप लाइन में लीकेज के चलते सोनीपत शहर में सीएनजी पंपों पर सीएनजी की सप्लाई प्रभावित थी, जोकि सोमवार को काफी गंभीर स्तर पर पहुंच गई है। सोमवार को जिले में सिर्फ एक ही सीएनजी पंप पर सीएनजी मिली, जबकि जिले में सीएनजी के 28 पंप हैं। इससे भी गंभीर बात ये है कि सीएनजी पंपों पर सीएनजी की सेवा अनिश्चितकाल के लिये बंद की गई है, क्योंकि गेल गैस लाइन में जहां दिक्कत आई है, वहां पर यमुना का बहाव बहुत अधिक है। ऐसे में लाइन लीकेज ठीक नहीं की सकती है। ऐसे में जब तक यमुना का जलस्तर कम नहीं हो जाता, तब तक सीएनजी पंपों पर सीएनजी मिलना मुश्किल ही है। सीएनजी ना मिलने की वजह से सोमवार को हजारों वाहन चालकों को परेशानी हुई। इस बारे में जब गेल गैस से बात की गई कि तो वे भी सीएनजी बहाल होने का समय नहीं बता पाए। गेल गैस की आधिकारिक विज्ञप्ति में भी सिर्फ वैकल्पिक गैस आपूर्ति मार्गों के बारे में जानकारी दी गई है।

### हजारों वाहन चालकों की परेशानी

जिले में हजारों सीएनजी वाहन रोजाना चलते हैं। सोमवार को केवल एक पंप खुला, जहां सुबह से ही लंबी कतारें लगीं। कई चालकों को सीएनजी भरवाने में घंटों इंतजार करना पड़ा। सीएनजी पंप बंद होने से लोग मजबूरी में महंगे पेट्रोल पर वाहन चला रहे हैं। अतिरिक्त खर्च से आम लोगों की जेब पर भारी बोझ पड़ रहा है। वहीं कई बड़े वाहन जोकि सिर्फ सीएनजी पर ही चलते हैं, वे बिना सीएनजी के सफेद हाथी बने रहे।

### 16 अगस्त को लीक हुई थी लाइन

गेल गैस कंपनी की गौना-बवाना पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी। उसमें रिसाव हो गया था। बताया गया है कि यमुना नदी के बढ़ते जलस्तर की वजह से गैस लाइन में लीकेज हुई है। हुआ यूं कि यमुना नदी के प्रवाह में बदलाव आ गया। इस बदलाव के चलते गौना-बवाना पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं बढ़े हुए जलस्तर के कारण पाइप लाइन पर काम शुरू नहीं हो पाया। हालांकि हादसे के बाद तुरंत कदम उठाते हुए पाइपलाइन के प्रभावित हिस्से को आइसोलेट कर गैस आपूर्ति बंद कर दी गई थी।

### मरम्मत मुश्किल, निगरानी जारी

गेल गैस कंपनी के सूत्रों के अनुसार पाइपलाइन के प्रभावित हिस्से में भारी जलभराव और नदी के प्रवाह में बदलाव होने के कारण मरम्मत कार्य शुरू करना संभव नहीं है। इस जगह तक पहुंचना काफी कठिन हो गया है। हालांकि, वरिष्ठ अधिकारियों और इंजीनियरों की टीम लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है और गैस आपूर्ति बहाल करने के वैकल्पिक उपायों पर काम कर रही है। उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए दूसरे मार्गों से आपूर्ति की संभावना तलाशने के प्रयास भी जारी हैं।

### कब तक मिलेगी राहत?

*गेल गैस कंपनी की आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार जैसे ही हालात अनुकूल होंगे, मरम्मत का काम शुरू कर दिया जाएगा। फिलहाल यह कहना मुश्किल है कि सीएनजी आपूर्ति कब तक सामान्य हो पाएगी। तब तक जिलेभर के वाहन चालकों को सीएनजी की भारी परेशानी झेलनी होगी।*

### दो दिनों से बनी थी समस्या

*सीएनजी की समस्या दो दिनों से बनी हुई थी, पहले प्रेशर कम था और अब सीएनजी ही सप्लाई नहीं हो रही। यमुना क्षेत्र में लाइन लीकेज की वजह से सप्लाई नहीं मिल रही। इसीलिये जिले के सभी सीएनजी पंपों पर सीएनजी उपलब्ध नहीं है। जैसे ही कंपनी द्वारा सप्लाई मिलेगी, वैसे ही सीएनजी उपलब्ध करवाई जा सकेगी।*
*-परमिंदर खत्री, प्रधान, ऑयल फिलिंग स्टेशन एसोसिएशन, सोनीपत।*

## मनीषा हत्याकांड में न्याय की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



सोनीपत। सीटीएम को ज्ञापन सौंपते हुए आर्गेनाइजेशन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

क्राईम कंट्रोल एंड ह्यूमन राईटस आर्गेनाइजेशन द्वारा भिवानी में मनीष हत्याकांड के लिए न्याय की मांग करते हुए मुख्यमंत्री हरियाणा के नाम नगराधीश डा. अनमोल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि भिवानी जिले में घटीत मनीषा हत्याकांड की घटना ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। इस नृशंस कृत्य से न केवल पीड़िता के परिवार को अपार क्षति हुई है बल्कि आम नागरिकों का भी प्रशासन पर से विश्वास डगमगाने लगा है। मनीषा के साथ हुई निर्मम घटना उसके शरीर में अंगों का न मिलना उस से ऐसा प्रतित होता जैसे कोई मानव अंगों की तस्करी करने वाला गिरोह सक्रिय है। ऐसे अपराधों पर कठोरतम कार्यवाही आवश्यक है, ताकि भविष्य में कोई भी असामाजिक तत्व इस प्रकार की जघन्य घटना को अंजाम देने का साहस न कर सके।

संगठन ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि इस मामले में सीबीआई से जांच कराई जाए। दोषियों को शीघ्रतम न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से फांसी की सजा दिलाई जाए। पीड़िता के परिवार को आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाए। राज्य में महिलाओं की सुरक्षा हेतु ठोस एवं प्रभावी कदम उठाए जाएं। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद कटारिया ने हत्याकांड की कड़ी निंदा की और कहा कि महिलाओं के साथ हो रहे अपराध के खिलाफ संगठन हमेशा पीड़ित के साथ खड़ा है। इस अवसर पर सह सचिव सन्दीप कुमार, सुनीता सतबीर, कुणाल नाथ, सुरेन्द्र सिंह अन्य साथ रहे।

### गौरक्षक दल ने मांस से भरी कार पकड़ी

**सोनीपत।** मुरथल थाना क्षेत्र में सोमवार को गोरक्षक दल के सदस्यों ने मांस से भरी एक कार पकड़ी है, गोरक्षक दल के सदस्य आनंद कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वे अपने साथियों के साथ भिगान टोल प्लाजा पर मौजूद थे। इसी दौरान सूचना मिली कि धतूरी से होकर जीटी रोड के रास्ते दिल्ली जाने वाली एक कार में मांस भरा हुआ है। सूचना के बाद गोरक्षक दल ने हाईवे से गुजरने वाले वाहनों पर नजर रखनी शुरू की। कुछ देर बाद एक कार दिखाई दी, जो सड़क किनारे पेड़ से टकराकर खड़ी थी और उसका पिछला शीशा टूटा हुआ था। जांच के दौरान कार के अंदर भारी मात्रा में मांस पाया गया, जिसे गोरक्षकों ने गोमांस बताया। तुरंत पुलिस को सूचित कर वाहन को उनके हवाले कर दिया गया। थाना मुरथल प्रभारी राजीव ने बताया कि आनंद कुमार की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। कार में बरामद मांस का वजन करीब 60 से 70 किलोग्राम हो सकता है। फिलहाल मांस को डिस्ट्रॉय करने की अनुमति प्राप्त नहीं हुई है।

## पार्षदों ने नपा कार्यालय के मुख्य द्वार पर जड़ा ताला



खरखौदा। कार्यालय के गेट पर ताला लगाकर धरना देते पार्षद।

**खरखौदा।** नगर पालिका के कथित उपेक्षा पूर्ण रवैये से आहत पार्षदों ने सोमवार को न केवल कार्यालय के मुख्य द्वार पर ताला जड़ दिया अपितु रोष जताते हुए दिन भर धरना दिया। पार्षद नवीन दहिया,कृष्ण, अनूप दहिया, प्रमोद कुमार, जसवीर सिंह आदि की मौजूदगी में कार्यालय के गेट पर ताला लगाया गया। पार्षदों का आरोप है कि शहर के विकासार्थ धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। इसके बावजूद नगर पालिका कर्मचारी शहर के विकास की उपेक्षा कर मनमाने ढंग से का कार्य कर रहे हैं। पार्षदों को वार्डों में होने वाले कार्य के बारे में अवगत नहीं कराया जा रहा है। इतना ही नहीं कार्य से संबंधित सरकारी रिकॉर्ड का ब्यौरा भी नहीं दिखाया जा रहा है। शहर की सफाई व्यवस्था चोपट हो चुकी है। ठेके में तय की गई संख्या के अनुसार सफाई कर्मचारी नहीं रखें गये हैं। डोर टू डोर कूड़े का उठान नहीं किया जा रहा है। पार्षदों की बैठक में जो प्रस्ताव पास किए जाते हैं, उन पर कोई अमल नहीं किया जाता है।

### पार्षदों के आरोप निराधार

शहर में विकास कार्य नियमानुसार कराए जा रहे हैं । नालों और ड्रेन की सफाई विधिवत रूप से कराई जा चुकी है। पार्षदों ने जो आरोप लगाए गए हैं, वे निराधार हैं। मंगलवार को फाइनेंस एंड कांटेक्ट कमेटी की बैठक है। पार्षदों की तरफ से जो प्रस्ताव आएंगे उनके अनुसार पर काम कराए जाएंगे।
**-पंकज जून सचिव नगरपालिका खरखौदा**

## जिले में 2867 एचआईवी के मरीज

- लघु सचिवालय में जिला स्तरीय पीएलएचआईवीएस व मातृ मृत्यु समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



सोनीपत। बैठक के दौरान अधिकारियों के साथ उपायुक्त।

उपायुक्त सुशील सारवान की अध्यक्षता में सोमवार को लघु सचिवालय के प्रथम तल पर बने कांफ्रेंस हॉल में जिला स्तरीय पीएलएचआईवीएस व मातृ मृत्यु समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ एचआईवी की जांच के लिए कैंप, मरीजो को मिलने वाली सुविधा, मातृ मृत्यु दर के उपर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने निर्देश दिए गए कि गर्भवती महिलाओं को जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रो पर हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध करवाई जाए। प्रत्येक गर्भवती महिला की समय पर समय पर जांच की जाए, किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने सीएमओ को निर्देश दिए की स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता होनी चाहिए कि गर्भवती महिलाओं के साथ कोई दुर्घटना न हो जिससे उनकी जान का खतरा बने।

उपायुक्त सुशील सारवान ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियो को निर्देश दिए की समय-समय पर एचआईवी की जांच के कैंप आयोजित किए जाए। उन्होंने जिला स्तरीय बैठक में मौजूद पीएलएचआईवी के मरीजों की समस्या भी सुनी व अधिकारियों को निर्देश दिए कि एचआईवी के मरीजो के पेंशन बनाने के लिए कैंप का आयोजन किया जाए। उन्होने बताया कि सोनीपत में 2867 एचआईवी के मरीज है। जिनमें हरियाणा सरकार के द्वारा 1141 लोगों को पेंशन दी जा रही है व अन्य के दस्तावेजो के जांच कर जल्दी से जल्दी बाकी मरीजों की भी पेंशन बनाने का कार्य किया जाएगा। इस मौके पर सीएमओ डॉ. ज्योत्सना, डीईओ नवीन गुलिया, डॉ. तरूण, डॉ. सुनिता, डीसीपीओ डॉ. रितू गिल व अन्य स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीगण मौके पर मौजूद रहे।

## पुलिस कार्यवाही पर अब जनता देगी सीधा फीडबैक

- पुलिस आयुक्त ममता सिंह ने किया जिला स्तरीय फीडबैक सेल का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत




सोनीपत। फीडबैक सेल का शुभारंभ करती पुलिस आयुक्त ममता सिंह।

जनता और पुलिस के बीच संवाद को और मजबूत करने के उद्देश्य से सोमवार को जिला स्तरीय फीडबैक सेल की शुरुआत की गई। पुलिस आयुक्त सोनीपत ममता सिंह ने 18 अगस्त को लघु सचिवालय में इसका उद्घाटन किया।

इस नई व्यवस्था के तहत अब पुलिस कार्यवाही पर पीड़ितों से सीधे फोन पर राय ली जाएगी। किसी शिकायत पर की गई कार्रवाई के बारे में उन्हें अवगत कराया जाएगा और पूछा जाएगा कि वह निस्तारण से संतुष्ट हैं या नहीं। इससे पुलिस की जवाबदेही और पारदर्शिता बढ़ेगी, साथ ही नागरिकों को राहत मिलेगी। पुलिस आयुक्त ममता सिंह ने बताया कि कई बार दूर-दराज़ से लोग किराया खर्च कर कार्यालय तक अपनी शिकायत लेकर आते हैं। लेकिन अब शिकायत का समाधान होने के बाद सीधे फोन पर सूचना दी जाएगी। इसके लिए महिला पुलिसकर्मियों को विशेष प्रशिक्षण देकर तैनात किया गया है। इस मौके पर पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं ईस्ट जोन परबिना पी., पुलिस उपायुक्त वेस्ट जोन कुशल पाल सिंह, पुलिस उपायुक्त गोहाना भारती डबास, पुलिस उपायुक्त क्राइम नरेन्द्र कादियान सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

### कैसे काम करेगा फीडबैक सेल?

- प्रत्येक शिकायत को कंप्यूटर पर दर्ज किया जाएगा।
- यह अंकित होगा कि शिकायत किस अधिकारी को भेजी गई।
- पहले संबंधित अधिकारी से जानकारी ली जाएगी।
- फिर पीड़ित को पूरी कार्यवाही से अवगत कराया जाएगा।
- पीड़ित से पूछा जाएगा कि वह समाधान से संतुष्ट है या नहीं।
- यदि कोई शिकायतकर्ता असंतुष्ट रहता है, तो वह अपनी आपत्ति दर्ज करा सकेगा।

## जिला वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप में खिलाड़ियों ने जीते 16 पदक



खरखौदा। पदक विजेताओं का स्वागत करते हुए स्कूल प्रबंधन

**खरखौदा।** सोनीपत जिला वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप में प्रताप स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 11 स्वर्ण, 3 रजत और 2 कांस्य सहित कुल 16 पदक जीतकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। अंडर -17 बालिकाओं में इशिका ने स्वर्ण, रीमा ने रजत और नंदिनी ने कांस्य पदक हासिल किया। अंडर -19 बालिकाओं में तमन्ना व कीर्ति ने स्वर्ण पर कब्जा जमाया। बाल वर्ग में अंडर -17 के परवेज़ खान, देव, आदित्य, संभव और प्रथम ने स्वर्ण पदक जीते, वहीं रिहान को रजत मिला। अंडर -19 में यश, देव भारद्धाज और अंशुल ने स्वर्ण अपने नाम किया। जबकि अभिमन्यु ने रजत और देव चौहान ने कांस्य पदक जीता। स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों का चयन स्टेट चैम्पियनशिप के लिए हुआ है। पदक विजेताओं का विद्यालय पहुंचने पर द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया तथा अभिभावकों ने भव्य स्वागत किया। अभिभावकों ने अपने बच्चों की सफलता के लिए विद्यालय प्रबंधन व प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

हथिनी कुंड बैराज से रूक रूक कर छोड़ा जा रहा है पानी, सोनीपत क्षेत्र में बढ़ गई है यमुना

## यमुना @ 1.78 लाख क्यूसेक पानी, तीन गांवों के खेतों में घुसी यमुना

- जगदीशपुर, चंदौली और मिमारपुर गांवों के खेतों में घुस गया पानी
- चिंता में ग्रामीण कहीं तटबंध ना तोड़ दे यमुना का बहाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत/गन्नौर



जलस्तर बढ़ने के बाद बेगा घाट में बह रही यमुना।

यमुना का जलस्तर बढ़ रहा है, जिसकी वजह हथिनी कुंड बैराज से लगातार छोड़ा जा रहा पानी है। इस पानी की वजह से इस समय सोनीपत क्षेत्र में यमुना का जलस्तर 1 लाख 78 हजार क्यूसेक तक पहुंच गया है। जिसकी वजह से यमुना नदी उफान पर है। इसी वजह से किसानों व आसपास के ग्रामीणों को चिंता सताने लगी है। यमुना का रौद्र रूप दिखाई दे रहा है। जिसका असर ये हुआ कि सोमवार दोपहर बाद यमुना से सटे जगदीशपुर, चंदौली व मिमारपुर के खेतों में पानी घुस गया है। हालांकि अभी नुकसान की आशंका नहीं है।

हथिनी कुंड बैराज से लगातार पानी छोड़े जाने के कारण यमुना का जलस्तर बढ़ गया था। जिससे आसपास के गांवों में लोगों की चिंता बढ़ गई थी। जलस्तर में सोमवार सुबह तक बढ़ोतरी हो गई थी यमुना में 1.78 लाख क्यूसेक पानी बह रहा है। लोगों को चिंता सता रही थी कि कहीं पानी तटबंध को तोड़कर उनके गांवों की तरफ न आ जाए। रात से ही रुक-रुक कर पानी छोड़ा जा रहा है। वह आसानी से दिल्ली की तरफ निकल रहा है। जिससे यमुना की तलहटी के लोगों को काफी राहत है। यमुना नदी का जलस्तर लगातार बढने से खादर क्षेत्र के किसानों और प्रशासन की चिंता बढ़ गई है।

बेगा घाट के पास यमुना का पानी भंडार (यमुना नदी के तटबंध से अंदर का क्षेत्र) के साथ बह कर चल रहा है। खादर क्षेत्र के गांव बेगा, पीरगढ़ी, पबनेरा और चंदौली में किसानों को डर है कि नदी का पानी का स्तर और बढ़ा तो वह फसलों में घुस सकता है।

### इस तरह छोड़ा गया यमुना में पानी

*24 घंटे से यमुना में रुक-रुककर पानी छोड़ा जा रहा है। 24 घंटे पहले 1.04 लाख क्यूसेक, 23 घंटे पहले 1.07 लाख क्यूसेक, रात एक बजे 71 हजार क्यूसेक, दो बजे 69 हजार क्यूसेक, तीन बजे 69 हजार क्यूसेक, चार बजे 66 हजार क्यूसेक, पांच बजे 61 हजार क्यूसेक, छह बजे 52 हजार क्यूसेक, सात बजे 58 हजार क्यूसेक, आठ बजे 53 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया।*

### नुकसान की आशंका नहीं

*यमुना में वर्तमान में 1.78 लाख क्यूसेक पानी बह रहा है। यह पानी आसानी से उतर जाएगा। तीन गांवों के खेतों में हल्का पानी गया था, जिससे नुकसान की आशंका नहीं है।*
*-दीपक शर्मा, एक्सईएन सिंचाई विभाग*

### तीन गांवों के खेतों में पहुंची यमुना

वर्तमान में तीन गांवों जगदीशपुर, चंदौली व मिमारपुर के खेतों में हल्का पानी चला गया है। हालांकि अभी इस पानी से नुकसान की आशंका नहीं है। अभी सिंचाई मात्र का पानी खेतों में है। अगर पानी का स्तर और बढ़ा और दिल्ली की तरफ पानी उतरने में देरी हुई तो नुकसान हो सकता है। यमुना के जलस्तर को लेकर एसडीएम गन्नौर प्रवेश कादियान ने सोमवार को प्रशासनिक अधिकारियों के के साथ बैठक की। उन्होंने यमुना के घाटों पर विशेष नजर बनाए रखने के निर्देश दिए।

### कर्मचारियों की टीम रख रही तटबंधों की निगरानी

एसडीएम प्रवेश कादियान ने बताया कि अभी तक सभी तटबंध पूरी तरह सुरक्षित और स्थिर हैं। पानी नदी की सीमा के भीतर ही बह रहा है। किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जाएगी। ग्राम सचिव के अलावा सिंचाई विभाग की टीमें भी लगातार मुस्तैद हैं और यमुना किनारे बने तटबंधों की स्थिति की निगरानी कर रही हैं। सिंचाई विभाग हर घंटे प्रशासन को जलस्तर की जानकारी दे रहा है।

### उपायुक्त ने की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील

उपायुक्त सुशील सारवान ने कहा कि यमुना नदी के जल स्तर बढने की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं। प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। लोगों की जान-माल व पशुधन की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। लोगों से अपील है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें किसी भी प्रकार की आपात स्थिति पर प्रशासन से संपर्क करें।

हरिभूमि
रोहतक, मंगलवार
19 अगस्त 2025

# सहेली



चालीस-पैंतालिस की उम्र में आकर हम यही सोचते हैं, अब जिंदगी में कुछ नया करने, बड़ा करने के दिन गए। जबकि ऐसा कुछ नहीं है, किसी भी उम्र में अपने सुहाने सपने पूरे किए जा सकते हैं। अपनी एक पहचान बनाई जा सकती है। बस जरूरत है, हम अपने भीतर उत्साह-उमंग और जोश समेटे रहें, पूरी तरह आशावादी रहें।

## अभी देर नहीं हुई आज भी संवर सकती है जिंदगी

कवर स्टोरी
शिखर चंद जैन

आज अमृता का पैंतालिसवां जन्मदिन था। हर कोई उसे बधाई दे रहा था, लेकिन वह उदास थी। उसकी सहेली सुरभि ने अकेले में उसकी उदासी की वजह पूछी तो फूट-फूट कर रो पड़ी, बोली, 'मैं पैंतालिस साल की हो गई हूं। अभी तक मेरा अपना फ्लैट नहीं है, किराए के फ्लैट में रह रही हूं। न ही अभी तक मेरे किसी बच्चे की शादी हुई है। मेरे सब भाई-बहनों और सहेलियों के अपने फ्लैट हैं। बच्चे पढ़-लिख गए, उनकी शादी भी हो गई है। जिंदगी बीती जा रही है और मैं अब तक कुछ भी अचीव नहीं कर पाई।' सुरभि ने अमृता को समझाया, 'सुन अमी! न्यूयॉर्क कैलिफोर्निया से तीन घंटे आगे है, लेकिन इससे कैलिफोर्निया पीछे नहीं रह गया। पचास वर्षीया स्नेहा को आज सब जानते हैं, क्योंकि वह एक मल्टीनेशनल कंपनी में सीईओ हैं, लेकिन पांच साल पहले तक उसे कोई नहीं जानता था। जबकि सचिन तेंदुलकर को 16 वर्ष की आयु में पूरी दुनिया जानने लग गई थी। कोई अड़तालिस साल की उम्र तक कुंवारा रह जाता है, फिर जीवनसाथी ढूंढ़ पाता है, जबकि किसी की शादी अट्ठाइस वर्ष की उम्र में हो जाती है, लेकिन तलाक होने की वजह से वह पैंतालिस वर्ष की उम्र में फिर से अकेला हो जाता है। ओबामा पचपन की उम्र में रिटायर हो गए, जबकि ट्रंप ने राजनीतिक शुरुआत ही 70 वर्ष की उम्र में की थी। दरअसल, दुनिया में हर किसी के समय का एक दौर या टाइम जोन होता है। कोई आपसे आगे दिख सकता है, तो कोई पीछे। लेकिन हर कोई अपनी दौड़ में अपने समय पर है। न किसी से ईर्ष्या करने की जरूरत है और न नकल करने या दुखी होने की। वे अपने टाइम जोन में हैं, हम अपने जोन में। सही समय का इंतजार करना ही जिंदगी है। रिलैक्स करो। तुम एकदम समय पर हो और विधाता ने तुम्हारे लिए जो टाइम जोन सेट किया है, उसी के मुताबिक हो।' सुरभि ने अमृता से बिल्कुल सही कहा। हमें बीतती हुई उम्र के लिए चिंतित होने की बजाय, इन बातों पर ध्यान देना चाहिए-



### कुछ नया करने की कोई उम्र नहीं होती

इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपकी उम्र कितनी है। आप यह मान कर चलें कि आज भी उतनी ही ऊर्जावान हैं, जितनी बीस-बाइस साल की उम्र में थीं। बड़ी उम्र में आना, जीवन का अंत नहीं है। यह आने वाले दिनों की नई शुरुआत है। अपने लक्ष्य तय करें और उन्हें हासिल करें। आप डांस या म्यूजिक सीखना चाहती हैं, अकेले दुनिया घूमना चाहती हैं, कोई नया और कुछ अलग हटकर शौक अपनाना चाहती हैं। बस, आप जो चाहती हैं, कर डालें, झिझकें नहीं। याद रखें, आपको एक ही जिंदगी मिली है, इसलिए वो सब करें, जो आपका दिल करना चाहे, लेकिन दुखी ना हों।

### सेहत पर पूरा ध्यान दें



अब तक आपने अपने सास-ससुर, पति, बच्चों आदि के लिए ही सब कुछ किया और कभी अपनी सेहत का ध्यान नहीं रखा। खूब काम किया और वो सब कुछ किया, जिससे आपकी सेहत को नुकसान पहुंच सकता था। चालिए कोई बात नहीं, जब जागो तभी सवेरा। अब आपकी अपनी देखभाल का उचित समय आ गया है। अच्छा खाएं, व्यायाम करें, प्रकृति के नजदीक रहें, ध्यान लगाएं। जितनी अच्छी आदतें आप इस समय अपनाएंगी, उतनी ही स्वस्थ आप आने वाले समय में उम्र के पचास-साठ के दशक में रहेंगी।

### समय किसी के लिए नहीं रुकता

समय सतत चलायमान है। यह किसी के लिए नहीं रुकता है, लेकिन जैसे-जैसे यह बीतता है, नई सीख भी देता जाता है। समय के इस चक्र में कभी-कभी हमारी सीख और हमारे अनुभव भी असहाय नजर जाते हैं। कई बार हमें लगता है कि जिनसे हमारा सामना आज हो रहा है, उसे हमें बहुत पहले ही जान लेना चाहिए था। ऐसी ही कुछ बातें हैं, जिनको सुनने के बाद लगता है 'काश! ये सीख जवानी में मिली होती तो आज जीवन और भी सुखमय हो सकता था।'

### रहें हमेशा आशावादी

जिस तरह हर रात की सुबह होती है, ठीक उसी तरह हर पहलू का अंत होता है और एक नए पहलू का जन्म होता है। दुख है तो उसका अंत भी होगा और जीवन का अगला पड़ाव खुशियों से भरा होगा। अगर आपने अपना पूरा ध्यान भविष्य की चिंता पर लगा दिया तो इससे मौजूदा पल आपसे बिछड़ सकते हैं। इसलिए हर पल को जिएं और हर पल का लुत्फ उठाएं।

### अपने सपनों को पूरा करें

कई बार लोग चालीस पार जाते ही सोचने लगते हैं कि बदलाव के लिए अब बहुत देर हो चुकी है। आप भी ऐसा सोचती हैं तो अपने को बदलिए। महिलाएं कई बार युवावस्था में जो शौक जिम्मेदारियों के बोझ के कारण पूरे न कर पाईं, उन्हें मौका मिलने और इच्छा होने के बावजूद लोकलाज या लोगों की टिप्पणी से डर कर पूरा नही करतीं। दूसरे क्या कहेंगे, यह सोचना छोड़िए और जीवन में जो भी अवसर मिले, उसे लपक कर पकड़ें। यह सोचकर कि अब तो आप चालीस के पार हो चुकी हैं, नया क्या करना, हाथ में आया अवसर गंवाएं नहीं। आप बस एक ही बात सोचिए, नई शुरुआत करने के लिए अभी बहुत देर नहीं हुई है। जीवन आज भी संवारा जा सकता है। अपनी एक बड़ी पहचान बनाई जा सकती है।

## एक दायरे में रह कर निभाएं रिश्ते

एक तरफ तो हम इस आधुनिक जीवनशैली में अपने रिश्तों से दूर होते जा रहे हैं, दूसरी ओर रिश्ते इस तरह निभाए जा रहे हैं, जो तनाव का सबब बन रहे हैं। रिश्तों में वो अपनापन और मधुरता नहीं दिखती, जो पहले कभी दिखती थी। सवाल यह है कि हम अपने रिश्तों का निर्वाह किस तरह करें, ताकि हमारे रिश्ते बने रहें। आपके लिए बहुत जरूरी सलाह।

रिलेशनशिप
बुशरा फातमा



आज की जीवनशैली में हम इस कदर व्यस्त हो गए हैं कि तमाम सुख-सुविधाओं के बावजूद अकेलापन महसूस करते हैं, भीतर एक बेचैनी रहती है। ऊपर से हम अपनों से दूर रहकर सोशल मीडिया के आभासी रिश्तों में उलझे रहते हैं। इसकी बड़ी वजह है, पारिवारिक रिश्तों में बढ़ती दूरियां। देखा जाए तो रिश्तों में अब वो अपनत्व नहीं रहा, जो पहले कभी हुआ करता था। इसकी एक मुख्य वजह एक यह भी है कि कई रिश्ते अब ऐसे हो गए हैं, जो हमें मानसिक तनाव देते हैं। ऐसे में रिश्तों में दूरियां आना स्वाभाविक है। स्प्रिचुअल गुरु अशोक रोडे रिश्तों के इस बदलते रूप को एक अलग नजरिए से देखते हैं। वह कहते हैं, 'रिश्तों को एक दायरे में रहकर निभाया जाए तो इससे इंसान ना सिर्फ अनावश्यक तनाव से बच सकता है बल्कि रिश्तों में बढ़ती दूरी को खत्म भी किया जा सकता है।'

**जरूरी है दोनों तरफ से रिश्तों का निर्वहन:** हमारे आस-पास कई ऐसे लोग होते हैं, जो सिर्फ अपने फायदे के लिए ही रिश्ते रखते हैं। वे चाहते हैं, जब उन्हें आपकी जरूरत हो तो आप उपलब्ध रहें। हमेशा उनकी मदद के लिए खड़े रहें, लेकिन जब आपको उनकी जरूरत हो तो वो उपलब्ध नहीं होंगे, व्यस्तता का बहाना बना देंगे। इसलिए ऐसे रिश्तों से सावधान रहें। ऐसे लोगों का जब कोई काम हो तो आप उन्हें काम करने के लिए साफ मना कर दें। इसमें कोई बुराई नहीं है। आसानी से अपनी उपलब्धता देते रहना, अपनी वैल्यू घटाना है, साथ ही ऐसे लोग रिश्तों को कमजोर भी बनाते हैं। रिश्तों में दोनों तरफ से निर्वहन जरूरी है, यह भावना रिश्तों को मजबूत बनाती है। इसमें नकारात्मकता की कोई गुंजाइश नहीं रहती।

**मेडिटेशन और योग करें:** अगर टॉक्सिक रिलेशनशिप से तनाव ज्यादा बढ़ रहा है तो इससे दूरी बनाएं। इस संबंध में एक बात बहुत लाभदायक सिद्ध हो सकती है, वो है योग का सहारा लेना। नकारात्मक मूड से निकलने के लिए सबसे आसान तरीका है- मेडिटेशन और योगासन। इसका नियमित अभ्यास हमें रिश्तों को संभालना सिखाता है, हमें तनावमुक्त करता है।

**सीखें ना कहने की कला:** कई बार सामने वाले से आपकी किसी बात को लेकर सहमति नहीं होती, लेकिन उसे तकलीफ ना पहुंचे, इसलिए आप अपनी असहमति प्रकट नहीं करतीं। लेकिन कुछ ना कह पाने की झिझक रिश्तों को घुन की तरह खाती रहती है, इससे रिश्ते खोखले होते चले जाते हैं। इसलिए गैरजरूरी कामों के लिए ना कहना सीख लें।

### सोशल मीडिया पर रिश्तों की परख जरूरी



**इन दिनों** यह बहुत ही आम बात है कि हर इंसान के पास लैपटॉप-स्मार्टफोन है, जो वर्चुअल रिश्तों को खूब बढ़ावा दे रहा है। लेकिन इस तरह के रिश्तों में बढ़ती घटनाओं ने हमें यह सबक सिखाया है कि वर्चुअल रिश्तों की परख होना बहुत जरूरी है, साथ एक सीमित दायरे में रिश्ते बनाए रखना चाहिए। इस वर्चुअल वर्ल्ड में भले ही अनगिनत रिश्ते चंद दिनों में बन जाते हैं, लेकिन इन पर आंख मूंदकर भरोसा करना समझदारी की बात नहीं है।

**सेल्फ डिफेंस मैकेनिज्म:** स्प्रिचुअल गुरु अशोक रोडे इस बात को बहुत अहमियत देते हैं कि हर इंसान को सेल्फ डिफेंस मैकेनिज्म की समझ होनी चाहिए, जैसे आप किसी ऐसी स्थिति में हैं कि जहां बात बिगड़ सकती है, वहां आपका व्यवहार और रवैया बहुत अहम हो जाता है। स्थिति का अच्छा-बुरा होना हम पर निर्भर करता है। बिना चिल्लाए, गुस्सा किए कई बार हम स्थिति को संभाल सकते हैं।

डेकोरेशन
राना हक

डेकोरेटिव आइटम्स से सजा घर सभी को आकर्षक लगता है। लेकिन अगर आप चाहती हैं कि आपके होम डेकोरेशन को नेचुरल लुक मिले तो आप कुछ ईको फ्रेंडली आइडियाज को फॉलो कर सकती हैं। आपके लिए यूजफुल आइडियाज।

## अपने घर को दें ईको फ्रेंडली लुक



आमतौर पर घर की सजावट का सामान खरीदते समय हम इस बात को अनदेखा कर देते हैं कि उसका पर्यावरण पर क्या असर पड़ेगा? हमारी छोटी-छोटी लापरवाहियों से भी पर्यावरण पर बुरा असर पड़ता है। ऐसे में समझदारी इसी में है कि अपने घर को इस तरह सजाया जाए, जिससे घर दिखने में तो सुंदर लगे ही, पर्यावरण को भी कोई नुकसान न हो।

**इंडोर प्लांट्स से आए हरियाली:** घर अगर छोटा हो और बालकनी में पर्याप्त जगह न हो तो घर सजाने के लिए इंडोर प्लांट्स बेहतरीन ऑप्शन हैं। इंडोर प्लांट्स की खास बात ये है कि इनमें से ज्यादातर एयर प्यूरीफायर का काम करते हैं, जो सजावट के साथ-साथ आपके घर की हवा को साफ रखने में भी मदद करते हैं। इस बात का ध्यान रखें कि



इन प्लांट्स को प्लास्टिक पॉट के बजाय सेरेमिक या रिसाइकल्ड बॉटल्स में लगाएं।

**लिविंग रूम में केन फर्नीचर:** यूं तो मार्केट में कई तरह के फैंसी फर्नीचर मिल जाते हैं। लेकिन इनमें से अधिकांश कुछ ही समय में खराब होने लगते हैं। इनके बजाय आप केन फर्नीचर से अपने घर के लिविंग रूम को डेकोरेट कर सकती हैं। इनकी खासियत यह होती है कि ये बहुत टिकाऊ होते हैं। इन्हें ज्यादा देखभाल की जरूरत नहीं पड़ती, जिससे ये सालों-साल घर की शोभा बढ़ाते रहते हैं। अब तो केन फर्नीचर भी मार्केट ट्रेंड के हिसाब से मॉडर्न लुक में उपलब्ध हैं। ऐसे फर्नीचर को तैयार करने में ट्रेडिशनल के साथ-साथ मॉडर्न टेक्सचर का भी इस्तेमाल किया जाता है। इसीलिए ये अट्रैक्टिव लगते हैं और इनसे पर्यावरण को कोई नुकसान भी नहीं होता है।

**नेचुरल फैब्रिक का करें यूज:** घर में यूज किए जाने वाले ज्यादातर फैंसी कर्टेन सिंथेटिक फाइबर के बने होते हैं। ये एन्वॉयर्नमेंट के लिए हार्मफुल होते हैं। इसलिए जहां तक संभव हो कर्टेन, कुशन कवर, बेडशीट जैसी चीजों के लिए नेचुरल फैब्रिक का सेलेक्शन करें। कॉटन, लिनेन, जूट जैसे फैब्रिक थोड़े महंगे जरूर होते हैं, लेकिन इनकी लाइफ लंबी होती है। ये आपके खर्च को कंट्रोल करने में मदद करते हैं और पर्यावरण के लिए भी अच्छे होते है।

**मल्टीपर्पस सामानों का करें यूज:** आजकल फ्लैट कल्चर में डेकोरेटिव आइटम्स रखने के लिए स्पेस बहुत कम ही बचता है। इसलिए जहां तक संभव हो ऐसे फर्नीचर का चुनाव करें, जिसका इस्तेमाल कई तरह से किया जा सकता है। फोल्डेबल टेबल्स, स्टोरेज टूल, डेकोरेटिव बॉक्सेस दिखने में अच्छे लगते हैं और इनका इस्तेमाल भी कई तरह से किया जा सकता है। ऐसे मल्टीपर्पस सामान यूज करने से जो स्पेस बचता है, उसमें आप मनपसंद डेकोरेटिव आइटम्स रख सकती हैं।

**हैंडक्राफ्टेड डेकोरेटिव आइटम्स:** घर सजाते समय अगर आप छोटी-छोटी बातों का ख्याल रखेंगी तो ये न सिर्फ बजट के लिए सही रहता है,



बल्कि ईकोफ्रेंडली ऑप्शन अपना कर पर्यावरण को बचाने में भी मदद कर सकती हैं। जैसे-वॉल हैंगिंग्स, पॉट्स, किचेन टूल्स, क्ले पॉट्स जैसे हैंडीक्राफ्टेड आइटम्स बहुत अट्रैक्टिव तो लगते ही हैं, ईकोफ्रेंडली भी होते हैं।



स्किन केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

## यूज करें होममेड मॉयश्चराइजर चेहरा दिखेगा खिला-खिला

सीजन कोई भी हो, स्किन केयर के लिए पूरे साल मॉयश्चराइजर का इस्तेमाल करना जरूरी है। यह न केवल स्किन को हाइड्रेट करता है बल्कि स्किन को सॉफ्ट बनाता है और सुरक्षित रखता है। आप होममेड मॉयश्चराइजर यूज कर सकती हैं।

**नॉर्मल स्किन:** अगर आपकी स्किन नॉर्मल है तो आप बादाम और एलोवेरा का मॉयश्चराइजर बना सकती हैं। इसे बनाने के लिए एक बड़े कटोरे में आधा कप एलोवेरा जैल, 2 बड़े चम्मच जोजोबा या बादाम का तेल, लैवेंडर एसेंशियल ऑयल की 5-6 बूंदें मिलाएं। जब तक ये फ्लफी न हो जाएं, इन्हें मिलाते रहें। इसके बाद इसे एक एयरटाइट कंटेनर में भर कर फ्रिज में रख दें। आप इसे जरूरत के मुताबिक लगा सकती हैं। इस



क्रीम का इस्तेमाल करने से पहले चेहरे को पानी और फेस वॉश से क्लीन करना न भूलें।

**ऑयली स्किन:** ऑयली स्किन के लिए भी आप मॉयश्चराइजर घर में बना सकती हैं। कांच के कटोरे में ताजा एलोवेरा से एक चम्मच एलोवेरा जैल निकाल लें। इसमें एक चम्मच शहद मिला लें। अब इस मिश्रण में आधा चम्मच नारियल तेल और आधा चम्मच बादाम का तेल मिलाकर इसका पेस्ट बना लें। जब पेस्ट क्रीम की तरह मिक्स हो जाए तो इसे कांच की बोतल में रख कर फ्रिज में स्टोर कर लें। इस मॉयश्चराइजर को आप नियमित रूप से उपयोग कर सकती हैं।



ऑयली स्किन के लिए आप यह तरीका भी अपना सकती हैं। एक पैन में थोड़ा सा गुलाब जल लें और उसमें एक कप गुलाब की पंखुड़ियां डालकर इसे उबाल लें। जब घोल ठंडा हो जाए तो इसे छान लें। अब इसमें एलोवेरा जैल मिलाएं और इस मिश्रण को फ्रिज में रख दें। इसे अपने चेहरे पर लगाकर छोड़ दें। ऐसा आप हर रात सोने से पहले करती रहें। इससे स्किन सॉफ्ट बनेगी।

**ड्राई स्किन:** अगर आपकी स्किन ड्राई है तो भी आप मॉयश्चराइजर बना सकती हैं। ड्राई स्किन के लिए एक कटोरे में एक चम्मच शहद और दो चम्मच ग्लिसरीन डालें। इस मिश्रण में दो चम्मच एलोवेरा जैल डालकर अच्छे से मिला लें। अब इस मिश्रण में दो चम्मच ग्रीन टी का पानी डालकर इसे अच्छे से पेस्ट बना लें। जब पेस्ट क्रीम की तरह मिक्स हो जाए तो इसे कांच की बोतल में रख लें। अब इस बोतल को फ्रिज में रख दें और इस मॉयश्चराइजर का इस्तेमाल जरूरत के अनुसार करें। आपका चेहरा हमेशा खिला हुआ नजर आएगा।

## रेनी सीजन में क्या खाएं-क्या न खाएं

बारिश के मौसम में कई तरह की बीमारियां खान-पान में लापरवाही से होती हैं। ऐसे में आपको जरूर जानना चाहिए कि इस मौसम में अपनी डाइट को लेकर क्या सावधानियां बरतनी जरूरी हैं?

डाइट सजेशन
डॉ. अदिति शर्मा, डाइटीशियन

बारिश के मौसम में कई तरह की बीमारियां होने की आशंका बढ़ जाती है। नमी और गंदगी के कारण बैक्टीरिया, वायरस और फफूंद तेजी से बढ़ते हैं। ऐसे में जरा सी लापरवाही आपके स्वास्थ्य को बिगाड़ सकती हैं, इसलिए खान-पान को लेकर विशेष ध्यान रखना चाहिए। आइए जानते हैं, इस सीजन में कैसी हो आपकी डाइट।



**ताजा-गर्म भोजन:** इस मौसम में बाहर का खाना खाने से परहेज करें, क्योंकि इस मौसम में पाचन शक्ति कमजोर हो जाती है, इसलिए घर का बना ताजा और गर्म खाना ही खाएं। हमेशा हल्का खाना खाएं। तले-भुने व्यंजनों से भी परहेज करें। दलिया, खिचड़ी, दाल, सूप को अपने खाने में शामिल करें। ठंडा और फ्रिज में रखा हुआ खाना न खाएं।

**इम्यूनिटी को मजबूत बनाएं:** अपनी इम्यूनिटी को मजबूत बनाने के लिए तुलसी, अदरक वाली चाय का सेवन करें। काढ़ा पीने से भी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। इससे इन दिनों होने वाली बीमारियों से भी आप सुरक्षित रहती हैं।

**मौसमी सब्जियां-फल:** मौसमी सब्जियों और फलों को अपने आहार में शामिल करना चाहिए। इस मौसम में लौकी, परवल, तोरी, और सीताफल खा सकती हैं, क्योंकि ये सब पेट के लिए बहुत ही फायदेमंद होती हैं लेकिन इसे बनाने से पहले अच्छी तरह से जरूर साफ कर लें। इसके अलावा रंग-बिरंगे फलों का भी सेवन फायदेमंद होता है जैसे सेब, आम, जामुन, अमरूद, चेरी, स्ट्रॉबेरी और आलू बुखारा खा सकती हैं। इसमें फाइबर और विटामिंस होते हैं, जो हमारे शरीर के लिए बहुत ही लाभदायक होते हैं। ये हमारे इम्यूनिटी सिस्टम को मजबूत बनाने में सहायक होते हैं। लेकिन खाने से पहले फलों को अच्छी तरह धोना जरूरी है।

**आटा-चावल:** इस मौसम में बाजरा, रागी और गेंहू के आटे को बदल-बदल कर खाना चाहिए। बाजरा और रागी में प्रोटीन, कैल्शियम बहुत होता है। इसके अलावा चावल में ब्राउन राइस लें, क्योंकि ये हार्ट, शुगर और बीपी के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है।

**लिक्विड:** बरसात के मौसम में गुनगुने पानी का ही सेवन करें या फिल्टर का पानी पीएं। इसके साथ नीबू पानी, नारियल पानी, सूप पीना भी फायदेमंद होता है।

प्रस्तुति: संध्या रानी

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप

### गोहानाः भाजपा जिला कार्यकारिणी कार्यशाला



**गोहाना।** सोमवार को सेक्टर-7 के सामुदायिक भवन में भाजपा जिला गोहाना कार्यकारिणी की कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा जिला गोहाना के अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने की। संयोजन जिला प्रभारी डॉ. किरण कलकल का रहा। कार्यक्रम का मंच संचालन जिला महामंत्री महेंद्र चिड़ाना ने किया। मुख्य वक्ता खरखौदा हलका के विधायक पवन ने कहा कि खरखौदा में मारुति प्लांट लगने से जिला सोनीपत में रोजगार द्वार खुलेंगे और पूरे क्षेत्र का विकास होगा।

### सुभाष चंद्र बोस को किया पुण्यतिथि पर नमन



**गोहाना।** सोमवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस को उनकी 80वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि समारोह शहर में गोहाना-रोहतक बाइपास के समीप आयोजित किया गया जिसमें नागरिकों ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया। यह समारोह आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा द्वारा आयोजित किया गया। मार्गदर्शन मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने किया। मुख्य अतिथि समाजसेवी बलजीत सिंह दांगी ने कहा सुभाष चंद्र बोस ने 1920 में देश में आईसीएस की परीक्षा में चौथा स्थान प्राप्त किया था।

### निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रिया ने मारी बाजी



**खरखौदा।** शहीद दलबीर सिंह राजकीय कालेज खरखौदा पिपली में यूजीसी द्वारा निर्देशित एंटी रैगिंग 12 से 18 अगस्त तक एंटी-रैगिंग सप्ताह मनाया गया। जिसका संचालन महाविद्यालय की प्राचार्य डा. तराना नेगी के नेतृत्व में तथा एंटी-रैगिंग समिति की प्रभारी डा. किरण सरोहा तथा सदस्य डा. दिनेश , डा. योगेश बाजवान और मधुलता के मार्गदर्शन में हुआ। निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रिया कुमारी बी.ए. तृतीय वर्ष प्रथम स्थान, तन्नु बी.ए. तृतीय वर्ष द्वितीय स्थान, तानिया बी.ए. प्रथम वर्ष तृतीय स्थान पर रहे।

### नेत्र जांच शिविर में 150 की आंखे जांची



**सोनीपत।** महात्मा आशानंद वधवा हिंदू मंच और जिला अंधता निवारण समिति के तत्वाधान में सोमवार को गोसाई धर्मशाला, सिक्का कॉलोनी में निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रधान हरिचंद स्नेही ने की, शिविर का शुभारंभ सुनीता अरोड़ा के ब्रह्मत्व में यज्ञ-हवन के साथ हुआ। रोगियों के लिए चाय, जलपान और शीतल जल की विशेष व्यवस्था की गई। नागरिक अस्पताल की नेत्र विशेषज्ञ डॉ. लतिका दलाल खत्री ने मरीजों की आंखों की जांच की।

### धमकाने वाले युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**सोनीपत।** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के एक व्यक्ति ने पुलिस आयुक्त को शिकायत देकर अपनी नाबालिग साली और पत्नी को सोशल मीडिया पर धमकाने वाले युवक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित का कहना है कि उसकी पत्नी की उम्र 23 साल और साली की उम्र 15 साल है। दोनों को इंस्टाग्राम पर लगातार धमकी दी जा रही है। आरोपी युवक उनकी छवि को समाज में धूमिल करने के लिए अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर रहा है, जिससे पत्नी और साली की मानसिक स्थिति पर बुरा असर पड़ रहा है। पीड़ित ने बताया कि आरोपी कई बार सोशल मीडिया के माध्यम से परिवार के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी कर चुका है।

---

### वीर वंदन-युवा अभिनंदन कार्यक्रम सम्पन्न

# विद्यार्थियों ने दी देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति,जवानों को किया सम्मानित

*विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर वातावरण को राष्ट्रभक्ति से सराबोर किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हिन्दू आध्यात्मिक एवं सेवा संस्थान, सोनीपत इकाई द्वारा गेटवे एजुकेशन कॉलेज में "वीर वंदन-युवा अभिनंदन" कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मेजर जनरल रवीन्द्र सिंह तथा मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हरियाणा प्रांत के प्रांत प्रचारक डॉ. सुरेन्द्र पाल ने उपस्थित होकर अपने ओजस्वी विचार रखे।

सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से किया गया। तत्पश्चात प्रांतीय महासचिव राजीव गुप्ता एवं संरक्षक राकेश अग्रवाल ने सभी अतिथियों, कार्यकर्ताओं, एनसीसी कैडेट्स और अन्य सुरक्षा बलों के जवानों का परिचय करवाया एवं स्वागत किया। इसके बाद एचएसएसएफ के हरियाणा प्रांत के अध्यक्ष विनोद शर्मा ने संगठन की प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए संस्थान की स्थापना, उद्देश्य, शाखाएं, आईएमसीटीएफ तथा उसकी छह थीम आधारित गतिविधियों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संगठन के माध्यम से वीर वंदन कार्यक्रम और सेवा मेलो जैसे आयोजन देश भर में नियमित रूप से किए जाते हैं।

विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां देकर वातावरण को राष्ट्रभक्ति से सराबोर कर दिया। इसके बाद शहीदों के परिवारजनों तथा देश की रक्षा में उत्कृष्ट योगदान देने वाले वीर जवानों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल रवीन्द्र सिंह ने अपने उद्बोधन व प्रेजेंटेशन से युवाओं को राष्ट्रसेवा के लिए जागरूक किया। तत्पश्चात संघचालक डॉ. सुरेन्द्र पाल ने भी अपने ओजस्वी भाषण से मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. अशोक शर्मा ने प्रभावी ढंग से किया। अंत में प्रांतीय सचिव राजीव गुप्ता ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



**सोनीपत।** वीर वंदन युवा अभिनंदन कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

#### इनका रहा योगदान

कार्यक्रम में हरियाणा प्रांत इकाई अध्यक्ष विनोद शर्मा, प्रांतीय उपाध्यक्ष नरोत्तम वत्स, गुरुग्राम इकाई की प्रमुख वीना गुरई, सह प्रमुख अंजू जोशी, निधि सक्सेना, ममता शर्मा, मंजू कटारिया सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता विशेष रूप से सम्मिलित हुए। जींद से संजीत कौशिक, सोनीपत से तीर्थ राणा, आजाद नेहरा, अरुण बंसल, त्रिभुवन कौशिक, डॉ. अशोक शर्मा, डॉ. योगेन्द्र शर्मा, पूनम राय, गीता कौशिक, रविन्द्र दिलावर, सौरभ शर्मा, नीरज, पवन गुप्ता, सौरभ शर्मा, राजीव अग्रवाल, कर्नल राजवीर शर्मा व गेटवे एजुकेशन के डायरेक्टर जनरल कर्नल (डॉ.) अमिक गर्ग का विशेष योगदान रहा।

#### इनको किया सम्मानित

सम्मानित होने वालो में धर्मपत्नी अशोक चक्र हवलदार राजेश कुमार, धर्मपत्नी शौर्य चक्र नायक राम कुमार, धर्मपत्नी सेना मेडल राम मेहर, सेना मेडल कर्नल भूपेन्द्र सिंह, सेना मेडल कर्नल देवेन्द्र सिंह रोहिल्ला, सेना मेडल कर्नल विजेन्दर सिंह दहिया, शौर्य चक्र मेजर अनिल कुमार दहिया, शौर्य चक्र एम एस दहिया, सेना मेडल आनर कैप्टन रामपाल सिंह डोचक रहे। वहीं एनसीसी कैडेट्स में हिंदू कन्या महाविद्यालय से कैडेट मीनल, कैडेट दृष्टि, जीवीएम गर्ल्स कॉलेज से कैडेट अपूर्व, कैडेट नैनसी, हिंदू कॉलेज से कैडेट रोहित, कैडेट चिराग, कैडेट अंशुमान, कैडेट अमन, ऋषिकुल विद्यापीठ देवडू रोड से कैडेट मायरा, कैडेट मोंटी, कैडेट मुस्कान, कैडेट आरव दत्ता, राजकीय संस्कृति स्कूल स्कूल मॉडल टाउन से कैडेट नैनसी, पीएम खरखौदा से कैडेट हंसिका, कैडेट मयंक, जानकी दास कपूर से कैडेट अनय जोशी, आर्य कॉलेज पानीपत से कैडेट सृष्टि कुमारी, कैडेट ईशा, कैडेट दीपा, कैडेट करीना को सम्मानित किया गया।

---

# झमाझम बरसात से सड़कें बनी तालाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

सोमवार दोपहर को हुई तेज बरसात से गन्नौर शहर की सड़कों पर जलभराव हो गया और रेलवे व नपा रोड तालाब जैसा नजर आने लगा। अचानक हुए पानी के जमाव से वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बरसात थमने के कई घंटे बाद भी पानी की निकासी न होने से नगर पालिका व जनस्वास्थ्य विभाग की व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा नालों की सफाई पर लाखों रुपये खर्च किए जाने के दावे की पोल इस बरसात ने खोल दी। स्कूल छुट्टी के समय छात्र-छात्राओं को भी पानी से होकर गुजरना पड़ा।



**गन्नौर।** नगरपालिका रोड पर भरे बरसाती पानी से निकालती स्कूली छात्राएं।

#### सफाई व्यवस्था पर उठे सवाल

बरसात के बाद रेलवे रोड और नगर पालिका रोड पर पानी जमा होने से परेशान लोगों ने नालों की सफाई में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात से पहले नगर पालिका व जनस्वास्थ्य विभाग ने अपने-अपने आधीन नालों की ठीक तरह से सफाई नहीं करवाई, जिसके कारण पानी की निकासी नहीं हो पाई और शहरवासियों को दिक्कत उठानी पड़ी। किसानों के लिए मिलाजुला असरः किसानों का कहना है कि यह बरसात धान की फसल के लिए तो लाभदायक है, लेकिन सब्जी वाली फसलों को नुकसान पहुंचा सकती है।




**खरखौदा।** नशामुक्ति का संदेश देते एनसीबी यूनिट टीम के अधिकारी।

### ग्रामीणों ने ली नशा छोड़ने की शपथ

**खरखौदा।** हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की रोहतक यूनिट ने गांव रोहणा के स्टेडियम में एक विशेष जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे यूनिट इंचार्ज निरीक्षक धर्मबीर सिंह ने कहा कि नशा सिर्फ एक व्यक्ति की जिंदगी नहीं बिगाड़ता, बल्कि पूरे परिवार की खुशियाँ छीन लेता है। यह एक लंबी सामाजिक लड़ाई है, जिसमें सरकार के साथ-साथ परिवार, शिक्षा संस्थान, मीडिया और आम नागरिकों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि हरियाणा एनसीबी की विशेष पहल 'नमक लोटा अभियान', 'साइक्लोथोन' और 'नशा मुक्त जीवन नायाब जीवन' समाज को एकजुट कर नशे के खिलाफ मजबूत संदेश दे रही हैं। मौके पर उपस्थित सभी ने हाथ उठाकर नशा न करने और नशे के खिलाफ दूसरों को भी जागरूक करने की शपथ ली। सूचना देने वाले का नाम और पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

### अलमारी का लॉकर खोलकर नकदी और आभूषण चुराए

**गोहाना।** जौली गांव में एक ग्रामीण के घर से 8 लाख रुपए व आभूषण चोरी कर लिए गए। ग्रामीण का आरोप है कि चोरों ने रात के समय घर में घुसकर अलमारी का लॉकर खोलकर घटना को अंजाम दिया। इसको लेकर सदर थाना में केस दर्ज किया गया है। जौली गांव निवासी कृष्ण ने पुलिस को बताया कि उसने झज्जर जिले के मातंड व भदाना गांव में घेवर बनाने के स्टॉल लगा रखे थे। इसके बाद उसने 29 जुलाई को भदाना गांव के स्टॉल को बंद कर दिया था। उसने 8 अगस्त को दोनों स्टॉल पर पूरे सीजन में हुई कमाई के आठ लाख रुपए लाकर अपने घर पर अलमारी के लॉकर में रख दिए थे। अलमारी के अंदर उसकी पुत्रवधू का मंगलसूत्र, अंगूठी व रानी हार भी रखा हुआ था।

---

### स्लोगन प्रतियोगिता में आरजू प्रथम

**सोनीपत।** टीकाराम कन्या महाविद्यालय में सोमवार को एंटी रैगिंग वीक के अंतर्गत स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं को रैगिंग न करने का संदेश रहा। इस प्रतियोगिता में आरजू ने प्रथम, छात्रा आरती ने दूसरा और छात्रा नीशू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। छात्रा ख़ुशी और संचिका ने सात्वना पुरस्कार प्राप्त किया। कॉलेज प्राचार्या कंचन सीधर ने विजेता छात्राओं को पुरस्कार प्रदान करते बधाई दी। रसायन विभाग की प्राध्यपिकाए डॉ. दिव्या प्रभा और डॉ. मोनिका दुहन मौजूद रही।



**सोनीपत।** विजेता प्रतिभागियों के साथ प्राचार्या एवं अन्य। *फोटो :हरिभूमि*



ग्रामीणों को आपसी मेलजोल के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते।

### जैविक खेती करने के लिए प्रेरित किया

**गोहाना।** सोमवार को खंड मुंडलाना के गांव बुटाना में भारतीय किसान संघ ग्राम समिति प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सह सचिव विकास बुटाना ने की। संघ के जिला महासचिव नीरज शर्मा धनाना ने कहा कि गांव भारत की धूरी हैं। पूरा गांव एक परिवार होता है। भारतीय किसान संघ ने संगठन की प्रथम व महत्वपूर्ण इकाई ग्राम समिति को माना है। गांवों के विकास के लिए गांवों के लोगों को पारिवारिक भावना व जा-पात के भेद से ऊपर उठकर आगे बढ़ना होगा। कार्यक्रम में सह जिला कोषाध्यक्ष जय किशन छपरा ने किसानों को जैविक खेती करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में खंड अध्यक्ष भूपेंद्र सांगवान, जिला महिला संयोजक नीलम, विनोद भंडेरी, प्रदीप भारद्वाज, विनोद कुंडू व सोमबीर सांगवान मौजूद रहे।

### नेताजी की पुण्यतिथि पर माल्यार्पण

**सोनीपत।** कांग्रेस सेवादल सोनीपत द्वारा सुभाष चौक स्थित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रदेश प्रवक्ता राकेश सौदा एडवोकेट ने कहा कि नेता जी द्वारा देश की आजादी मे जो योगदान है उसको कभी नहीं भुलाया जा सकता। जिस अदम्य साहस के साथ उन्होंने युद्ध के मोर्चे पर अंग्रेजी शासन की चूले हिलाई, उसी से आगे चलकर देश की आजादी के लिए मजबूत आधार बना। आज की युवा पीढ़ी को उनके संघर्षों से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। सेवादल जिलाध्यक्ष ईसाक मदार ने कहा कि नेता जी द्वारा देश और कांग्रेस के लिए दिया गया योगदान इतिहास सदैव याद रखेगा। अनुसूचित विभाग के जिलाध्यक्ष दयानन्द वाल्मीकि, कार्यालय सचिव प्रेम नारायण गुप्ता, महिला सेवादल अध्यक्ष कृष्णा बुमरा, कपिल आदि मौजूद रहे।



नेताजी सुभाष चंद्र बोस को नमन करते कांग्रेस नेता एवं सेवादल के पदाधिकारी।



जीवीएम गर्ल्स कॉलेज की विजेता छात्राओं के साथ प्राचार्या एवं अन्य।

### एंटी रैगिंग वीक संपन्न

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कालेज में विभिन्न स्पर्धाओं के आयोजन के साथ एंटी रैगिंग वीक का समापन हुआ, जिसके तहत पोस्टर मेकिंग में डॉली अव्वल रही तो रील मेकिंग कंपीटिशन में प्रिया शुक्ला-कोमल व कोमल रानी की टीम ने बाजी मारी। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने विजेताओं को बधाई देते हुए छात्राओं को प्रोत्साहित किया कि वे स्वयं रैगिंग से दूर रहकर औरों को भी इसके लिए जागरूक करें। जीवीएम की एंटी रैगिंग सैल की संयोजक प्राध्यापिका डा. अनीता सैनी ने बताया कि एंटी रैगिंग वीक के तहत विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की गई। पोस्टर मेकिंग स्पर्धा में डॉली, रील मेकिंग कंपीटिशन में प्रिया शुक्ला-कोमल-कोमल की टीम प्रथम रही। इसके साथ ही 15 छात्राओं की टीम ने नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी। इस मौके पर प्राध्यापिका डा. रश्मि जावा, सुनीता धवन, रोजी चोपड़ा, डा. प्रगति, डा. सविता, डा. तमन्ना, प्रियंका, प्रिया शर्मा, दिव्या, डा. सिल्की, डा. अंशू शर्मा, प्रीति, मीनू, कीर्ति और पुनीता बतरा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

---



**सोनीपत।** नाले की सफाई का काम करवाते मेयर राजीव जैन। *फोटो :हरिभूमि*

### नाले का पाइप करवाया ठीक

**सोनीपत।** राजकीय वमावि मुरथल अड्डा पर नाले का पाइप जाम हो चुका था, टायर डाल कर साफ करने लगे तो टायर बीच में टूट गया, बीती रात पाइप बदलने का काम नगर निगम की टीम ने किया जिससे नाला ओवरफ्लो होकर सड़कों पर पानी फैलने से रुक गया। रात को नगर निगम मेयर राजीव जैन मौके पर पंहुचे और अपने निरीक्षण में काम को सिरे चढ़वाया। उन्होंने बताया कि पुराने बाजार वाले नाले को मुरथल रोड के नाले में जोड़ने के लिए सड़क के नीचे पाइप क्रॉस करवा रखा था। पाइप के अंदर मिट्टी फंस कर पूरी तरह जाम हो चुका था और पिछले दो वर्षों से हर तीन दिन बाद सड़क पर गन्दा पानी फ़ैल जाता था जिससे स्कूल आने जाने वाले विद्यार्थियों को भरी परेशानी थी। पाइप डालने वाले स्थान पर मिटटी की दलदल हो गई और गाड़ियां फंसने लगी तो सुबह ही राजीव जैन ने मौके पर पंहुचकर गाड़ियां निकलवाई और पत्थर की वापसी डलवाकर रास्ता चलने लायक बनवाया। उन्होंने मौके पर नाला सफाई करने वाली टीम बुलाकर नालों की अच्छी तरह सफाई करवाई।

# शिविर में 155 ने किया रक्तदान

- रोटरी क्लब मिडटाउन द्वारा कुंडली इंडस्ट्री एरिया में लगाया गया रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

रोटरी क्लब सोनीपत मिडटाउन द्वारा कुंडली इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक कंपनी में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक रोटेरियन टीएन तिवारी एवं रोटेरियन अविनाश भगत ने रोटरी ब्लैड बैंक सोनीपत की टीम के सहयोग से इस रक्तदान शिविर की सफलता में सहयोग दिया। इस आयोजन की गरिमा बढ़ाने हेतु प्लांट डायरेक्टर एमामुल हक, एचआर हेड उमेश सिंह भंडारी एवं रोटरी क्लब से प्रधान सीए भूपेश खन्ना, सचिव करन खुराना, एजी टीएन तिवारी, अविनाश भगत एवं पुष्पकला तिवारी ने हिस्सा लिया। शिविर में 155 लोगों ने रक्तदान किया। क्लब अध्यक्ष सीए भूपेश खन्ना ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते समाज के हित में अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान करने के लिए जागरूक किया।



**सोनीपत।** रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए। *फोटो :हरिभूमि*



**सोनीपत।** कार्यक्रम में पहुंचें अतिथियों का स्वागत करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### अस्त्र-शस्त्रों का किया प्रदर्शन

**सोनीपत।** मुरथल रोड पर आर्योदय गुरुकुल की ओर से राष्ट्रभक्ति युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में महात्मा जितेंद्र भाटिया उपस्थित रहे। उन्होंने युवाओं से भारतीय सनातनी परंपरा संस्कृति की रक्षा के लिए आगे आने का आह्वान किया। कार्यक्रम में लगभग 600 आर्यवीर और वीरांगनाओं ने विभिन्न व्यायाम, अस्त्र-शस्त्रों का भव्य प्रदर्शन किया। आर्यवीर दल के राष्ट्रीय संचालक सत्यवीर आर्य नै युवा निर्माण में आर्यवीर दल की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। गुरुकुल विश्वभारती ,रोहतक के निदेशक आचार्य नंदकिशोर ने युवाओं से शारीरिक और आत्मिक उन्नति के साधनों के विषय में चर्चा की। हिंदू एजुकेशन एंड चैरिटेबल सोसाइटी के चेयरमैन राजीव अग्रवाल व पूर्व चेयरमैन पवन गुप्ता ने गुरुकुल पद्धति की आवश्यकता पर बल दिया। आचार्य धर्मवीर मुमुक्षु ने राष्ट्रीय जागरण में आर्य समाज की भूमिका के महत्व पर प्रकाश डाला।

---

### विधायक ने जिला कार्यालय में किया कार्यकारिणी बैठक को संबोधित

# सरकार की योजनाओं का पात्रों को मिल रहा लाभ

- विधायक का बैठक में पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

हल्का विधायक कृष्णा गहलावत ने भाजपा जिला कार्यालय में राई हल्के की कार्यकारिणी बैठक को संबोधित किया। विधायक का बैठक में पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि हरियाणा सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, उद्योग और शहरी विकास के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इन योजनाओं से लाखों परिवारों को प्रत्यक्ष लाभ मिला है और प्रदेश के समग्र विकास को गति मिली है। केंद्र व प्रदेश सरकार जनता के जीवन स्तर को बेहतर बनाने और प्रदेश को औद्योगिक, शैक्षिक व स्वास्थ्य केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए निरंतर कार्यरत है।



**राई।** हल्का विधायक कृष्णा गहलावत भाजपा जिला कार्यालय में राई हल्के की कार्यकारिणी बैठक में सम्मान करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

#### भाजपा कार्यकर्ता कार्यशाला संपन्न

**सोनीपत।** भारतीय जनता पार्टी के सोनिपत सेक्टर-8 स्थित कार्यालय में सोमवार को कार्यकर्ता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली रहे, जबकि अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ने की। इस अवसर पर जिला प्रभारी सतीश नांदल ने कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा और संगठनात्मक मज़बूती से परिचित कराया। राई से विधायक कृष्णा गहलावत और सोनीपत विधायक निखिल मदान ने सरकार की जनहितकारी योजनाओं की सारगर्भित प्रस्तुति दी। गन्नौर से पूर्व प्रत्याशी देवेंद्र कौशिक ने भी पार्टी की जनसेवी नीतियों को विस्तार से बताया। कार्यक्रम में महापौर राजीव जैन, पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन तथा पूर्व प्रदेश महिला अध्यक्ष सुमित्रा चौहान भी उपस्थित रहे। इसके साथ ही खरखोदा विधायक पवन खरखौदा, पूर्व ज़िला अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश आत्रेय, मनोज जैन ने भी कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। इस मौके पर जिला मीडिया प्रभारी अधिवक्ता दिनेश अत्री, महामंत्री तरुण देवदास, नीरज कुमार आदि उपस्थित रहे।



**खरखौदा।** प्रतियोगिता में भाग लेते महाविद्यालय की छात्राएं। *फोटो :हरिभूमि*

### रैगिंग के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया

**खरखौदा।** कन्या कालेज में रैगिंग निषेध प्रकोष्ठ द्वारा प्राचार्या डॉ तराना नेगी के तत्वाधान में व डॉ योगिता के दिशा निर्देश में 12 से 18 अगस्त तक एंटी रैगिंग सप्ताह मनाया गया। जिसके अंतर्गत छात्राओं ने पोस्टर मेकिंग, भाषण, वाद-विवाद, स्लोगन, लघु नाटक प्रस्तुति, निबंध लेखन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सभी प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्राओं ने रैगिंग के विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

**NOTICE**

I Sandeep Kumar S/o Sh. Satbir singh VPO Karor, Distt. Rohtak declare that I have changed my name from Sandeep Kumar to Sandeep Malik.

# बारिश ने फिर खोली पानी निकासी की पोल, आधे घंटे में सड़कें बनीं तालाब

## औसत 18.5 एमएम बारिश दर्ज, जलभराव से वाहन चालकों को हुई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

सोमवार को एनसीआर क्षेत्र में सक्रिय मानसून के चलते जिले में सुबह करीब 10 बजे से हुई झमाझम बारिश ने एक बार फिर जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। लगभग आधे घंटे तक लगातार हुई बारिश से शहर की सड़कें तालाब बन गईं और जगह-जगह जलभराव हो गया। निकासी व्यवस्था ठप पड़ने से वाहन चालकों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। कई वाहन पानी में बंद हो गए, जिन्हें लोग धक्का लगाकर बाहर निकालते रहे। जिले में सोमवार को औसत 18.5 एमएम बारिश दर्ज की गई। सबसे अधिक बारिश गन्नौर ब्लॉक में हुई, जहां कुल 50 एमएम पानी बरसा।






सोनीपत। सेक्टर 23 से सूरी पेट्रोल पंप जानी वाली सड़क पर जलभराव और मुरथल विवि में जलभराव।

### जिले में सोमवार को हुई वर्षा का आंकड़ा

| ब्लॉक | बारिश |
|---|---|
| सोनीपत | एमएम |
| गन्नौर | 50 एमएम |
| गोहाना | 4 एमएम |
| खरखौदा | शून्य |
| खानपुर कलां | 18 एमएम |
| राई | 4 एमएम |

### सड़कों पर लगा जाम

बारिश थमने के बाद भी लंबे समय तक पानी सड़कों पर जमा रहा। गीता भवन चौक, मामा-भांजा चौक, गोहाना रोड, बस अड्डा, पुरानी सब्जी मंडी और कच्चे क्वार्टर मार्केट जैसे व्यस्त इलाकों में जलभराव से यातायात प्रभावित हुआ। शनि मंदिर अंडरब्रिज में पानी भरने से शहर दो हिस्सों में बंट गया और लोगों को रेलवे लाइन पार करने में खासी दिक्कतें आईं। मौसम विभाग के अनुसार, 21 अगस्त तक जिले में मानसून की गतिविधियां बनी रहेंगी और इस दौरान कहीं-कहीं मध्यम से तेज वर्षा होने का पूर्वानुमान है।

### जगह जगह हुआ जलभराव

बार-बार बारिश की वजह से बार-बार जलभराव की समस्या उत्पन्न हो रही है। शहर में जगह जगह जलभराव होने की वजह से लोगों को कई दिक्कते होती हैं। विशेषतौर पर जलभराव के कारण वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। शहर के सारंग रोड अंडर ब्रिज, कामी रोड रेलवे अंडर ब्रिज भी जलभराव की वजह से लोगों को परेशानी हुई।

## अब स्कूल के 6 खिलाड़ी जिला स्तर पर दिखाएंगे अपनी खेल प्रतिभा

# खंड स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में साउथ पॉइंट स्कूल के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

साउथ पॉइंट स्कूल के प्रतिभावान खिलाड़ी अब जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में अपनी खेल प्रतिभा दिखाते नजर आएंगे। स्कूल गेम्स फेडरेशन आफ इंडिया की तरफ से खंड स्तर पर आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसके आधार पर ही अलग-अलग आयु वर्ग में छह खिलाड़ियों का चयन किया गया है। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी हैं। जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिये अंडर-14 में गौरव (8वीं), अंडर-17 में आयुष (12वीं), रौनक (10वीं), आर्यन (11वीं) व अमन (9वीं) अंडर-19 में कृष (12वीं) का चयन किया गया है।

साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि खंड स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता की क्रिकेट स्पर्धा में हमारे खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। उनके शानदार खेल ने चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया है। अंडर-14 आयु वर्ग में एक, अंडर-17 आयु वर्ग में चार व अंडर-19 आयु वर्ग में एक खिलाड़ी ने जिला स्तरीय क्रिकेट टीम में जगह बनाई है। हमें विश्वास है कि जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में भी यह खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा के दम पर जिले व स्कूल का नाम रोशन करेंगे। एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री] वाइस चेयरपर्सन वर्तिका खत्री ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी भावना कालरा व कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा ने सभी विद्यार्थियों को खेलों में भी बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।




सोनीपत। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री, सीईओ भावना कालरा व अन्य के साथ चयनित खिलाड़ी।

### तलवारबाजी प्रतियोगिता का आयोजन



सोनीपत। श्रीजी इंटरनेशनल स्कूल में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित चार दिवसीय जिला स्तरीय तलवारबाज़ी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में जिले भर से 75 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। श्रीजी इंटरनेशनल स्कूल के सिद्धार्थ और वंशिका ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीते। मन्नत और दिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए रजत पदक पर कब्जा जमाया। वहीं, इशानी और इशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीते। इस प्रकार स्कूल ने कुल 2 स्वर्ण, 2 रजत एवं 2 कांस्य पदक अपने नाम किए। इस प्रतियोगिता के अंत में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले 8 होनहार खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया।

## मोहर सिंह ने ट्रिपल जंप में जीता स्वर्ण पदक



गोहाना। पदक विजेता छात्र मोहर सिंह को आशीर्वाद देते हुए शिक्षकगण।

गोहाना। बड़ौता गांव स्थित राजकीय महाविद्यालय के छात्र मोहर सिंह ने राज्य स्तरीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में ट्रिपल जंप प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करके स्वर्ण पदक जीत लिया। सोमवार को महाविद्यालय में पदक विजेता मोहर सिंह को सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ने की और संयोजन शारीरिक शिक्षा प्राध्यापक डॉ. प्रदीप कुंडू का रहा। 16 व 17 अगस्त को रॉयल स्पोर्ट्स अकादमी जींद में 10वीं हरियाणा स्टेट ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप आयोजित की गई। इन खेलों में हरियाणा प्रदेश के विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों ने प्रतिभागिता करके अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित की। छात्र मोहर सिंह ने इन खेलों में ट्रिपल जंप प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि युवा पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी अपने कॅरियर का निर्माण करें। सरकार की खेल नीतियों के चलते आज खेलों में कॅरियर निर्माण की अच्छी संभावनाएं हैं।



गोहाना। पदक विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए शिक्षकगण।

### स्टेट कराटे चैंपियनशिप में जीते 10 पदक

गोहाना। बरोदा मार्ग पर नागरिक अस्पताल के सामने स्थित स्थित बाल भारती स्कूल की कराटे अकादमी के छात्रों ने राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में 3 स्वर्ण सहित दस पदक जीत कर अपनी खेल प्रतिभा का श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। पदक विजेताओं को सोमवार को स्कूल में एमडी हरि प्रकाश गौड़ और प्राचार्या सुमन कौशिक ने सम्मानित किया गया। कुरुक्षेत्र में 14 से 17 अगस्त तक राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप आयोजित की गई। चैंपियनशिप में स्कूल के विद्यार्थियों ने विभिन्न आयु वर्ग में 3 स्वर्ण पदक, 1 रजत पदक व 6 कांस्य पदक जीते। छात्र अयान भारद्वाज और हर्ष मान ने स्वर्ण पदक, दीपांशु ने रजत पदक, हर्ष चहल, लक्षित जमदग्नि, हिमांशु मान, मयंक और विशाल ने कांस्य पदक पर कब्जा लिया। छात्रों के इस शानदार प्रदर्शन में उनके कोच, सोनीपत जिला कराटे संघ के महासचिव व हरियाणा खेल कराटे संघ सहसचिव अनिल भारद्वाज का विशेष योगदान रहा।



खरखौदा। पहलवानों का हाथ मिलाते हुए आयोजक।

### पहलवान जोगिंद्र ने जीती इनामी कुश्ती

खरखौदा। रोहणा गांव में गोगानवमी पर हर वर्ष होने वाला पारंपरिक दंगल हुआ। दंगल की अध्यक्षता भोले बाबा ने की और मुख्य अतिथि के तौर पर ओलम्पियन पहलवान निशा दहिया को 21000 रु और गदा भेंट करके सम्मानित किया गया। पहले नंबर की 51000 की कुश्ती जोगेंद्र (अश्विनी अखाड़ा) ने दीपांशु (वीरेंद्र नरेला अखाड़ा) को हराकर जीती। दूसरे नंबर की कुश्ती सचिन (अश्वनी अखाड़ा) तथा तीसरे नंबर की कुश्ती राकेश (नांगल अखाड़ा) ने जीती। इस बीच रोहणा गांव में 18-19 साल के रितेश पुत्र आनंद की आकस्मिक मृत्यु हो गई। उसकी आत्मिक शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया और शोक संतप्त परिवार के प्रति सहानुभूति प्रकट की गई।

## समाज के विकास के लिए पारस्परिक सहयोग आवश्यक : वीरेंद्र आर्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना

■ भागराम ट्रस्ट के साप्ताहक शिविर में 45 लोगों ने किया रक्तदान

सोमवार को भागराम ट्रस्ट का साप्ताहिक शिविर दर्श कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सहयोग से आयोजित हुआ। हर सप्ताह की तरह यह शिविर शहर में सोनीपत मार्ग टी प्वाइंट पर भगवान परशुराम चौक में सम्पन्न हुआ। शिविर में 45 लोगों ने रक्तदान का पुण्य कमाया। मुख्य अतिथि बार एसोसिएशन गोहाना के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र आर्य ने कहा कि समाज के विकास के लिए एक दूसरे का पारस्परिक सहयोग जरूरी है। एक दूसरे के प्रति मन में सेवा व सहयोग की भावना ही समाज के विकास का आधार है। विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता संदीप सनसनवाल और शिवम गोयल थे। शिविर की अध्यक्षता ट्रस्ट की अध्यक्ष उषा गगनेजा और प्राचार्या प्रेम सुंदर ने की। संयोजन दर्श कॉलेज से सुमन चहल का रहा। शिविर में चंद्र प्रकाश जुनेजा, चाचा-भतीजा सुनील कुमार और नवीन कुमार, दो सगे भाई अक्षय और रोहित, महिला रक्तदाता सुदेश, राकेश, अमित वर्मा, आनंद शर्मा, सोनू, नरेश, मनोज चहल, राजेश, रमन व अशोक सहित अन्य नागरिकों ने रक्तदान किया।




गोहाना। शिविर में रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए अतिथि और आयोजक। फोटो : हरिभूमि

### स्माइल योजना के तहत रेलवे स्टैंड, बस स्टैड पर आयोजित किए जाएगे जागरूकता कैंप

सोनीपत। उपायुक्त सुशील सारवान ने सोमवार को स्माइल (आजीविका और उद्यम के लिए हाशिए पर पड़े व्यक्तियों को सहायता) योजना के तहत सोनीपत शहर को भिखारियों से मुक्त बनाने के लिए जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ चर्चा कर नोडल अधिकारी सयुक्त आयुक्त, नगर निगम मीतू धनखड़ व अन्य सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर को भिखारियों से मुक्त बनाने के लिए शहरवासियों व भीख मांगने वालों को जागरूक करना अति आवश्यक है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वो रणनीति बनाकर कार्य करें व जल्द से जल्द शहर को भीखारियों से मुक्त बनाए। उन्होंने बताया कि सोनीपत के रेलवे स्टैड, बस स्टैड, मदिरों के बाहर व अन्य सभी ऐसे स्थानों पर जंहा भीख मांगने वालों की सख्या ज्यादा है, वहां जिला प्रशासन के ओर से जागरूकता कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिससे शहरवासी जागरूक हो सके ओर भीख मांगने वालो को पेसै न दे और साथ में भीखारी व उनके संगठन के लोग यह जान ले कि भीख मांगना एक अपराध है। वो इसे बंद करें व प्रशासन के सहयोग से ऐसे बच्चों का स्कूलों में दाखिला करवाए। इस मौके पर सीएमओ डॉ. ज्योत्सना, डीसीएमओ डॉ. तरूण, एसीपी अमित, डीएसडब्ल्यूओ आरती, डीसीपीओ डॉ. रितू गिल, सीडीपीओ गीता, सुपरवाइजर अंकिता व सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।




सोनीपत। बैठक के दौरान अधिकारियों के साथ उपायुक्त।

## विधायक के सुनीं लोगों की समस्याएं

■ जनता दरबार लगाया, स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गन्नौर

विधायक देवेंद्र कादियान ने सोमवार को जनता दरबार लगाया। इस दौरान लगभग 170 लोग बिजली, पानी, पेंशन, नालियों की सफाई, प्लॉट संबंधी विवाद और सरकारी योजनाओं के लाभ न मिलने जैसी विभिन्न परेशानियां लेकर पहुंचे। विधायक ने सभी शिकायतों को सुनते हुए संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग अधिकारी-कर्मचारी समन्वय समिति, सोनीपत ने विधायक को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने सरकार की ओर से बिना पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराए स्वास्थ्य कर्मियों पर लागू की जा रही जियो फेंसिंग उपस्थिति प्रणाली का विरोध जताया। समिति ने चेतावनी दी कि यदि विधानसभा सत्र के दौरान समाधान नहीं निकला, तो 28 अगस्त को प्रदेश के सभी सिविल सर्जन कार्यालयों पर 24 घंटे की भूख हड़ताल की जाएगी। वहीं, पटवारियों ने भी विधायक को ज्ञापन सौंपकर 8 महीने से वेतन न मिलने और सेवा नियमों के पालन की मांग की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा 7 जनवरी 2025 को पंचकूला में की गई घोषणाएं अभी तक लागू नहीं हुई हैं, जिससे वे आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं।



गन्नौर। विधायक देवेंद्र कादियान को ज्ञापन सौंपते स्वास्थ्य कर्मी।

### महिला ने संदिग्ध हालातों में लगाया फंदा

सोनीपत। कुंडली क्षेत्र के प्याऊ मनियारी गांव में सोमवार को एक महिला के आत्महत्या करने की घटना से सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार महिला ने घरेलू विवाद के चलते फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतका की पहचान प्रीति के रूप में हुई है, जो मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले के गांव बरोर की रहने वाली थी। करीब नौ साल पहले प्रीति ने मोहनलाल से प्रेम विवाह किया था। परिवार के विरोध के बावजूद दोनों ने 2016 में शादी की और 2018 से कुंडली में किराए के मकान में रह रहे थे। दंपती के तीन बच्चे भी हैं। पुलिस को दिए बयान में पति मोहनलाल ने बताया कि पत्नी उस पर दबाव बना रही थी कि वह अपने माता-पिता से नाता तोड़ ले। वह आरोप लगाती थी कि वह अपनी कमाई का पैसा अपने मां-बाप पर खर्च करता है। इसी मुद्दे को लेकर दोनों के बीच कई बार झगड़ा हुआ। रविवार को विवाद के बाद प्रीति ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

**कार्यक्रम** गन्नौर विधानसभा की 8 गोशालाओं को मिली करोड़ों रुपये की आर्थिक सहायता

## पंद्रह दिन में गांवों और वार्डों का करेंगे दौरा बदल देंगे गन्नौर विस का नक्शा : विधायक

गढ़ी केसरी स्थित प्रणामी गोशाला में चेक वितरण कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गन्नौर

हरियाणा गो आयोग की ओर से गन्नौर विधानसभा क्षेत्र की गोशालाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से गढ़ी केसरी स्थित प्रणामी गौशाला में चेक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली, गन्नौर विधानसभा हलका प्रभारी विधायक मुकेश शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोशाला प्रधान सतपाल शर्मा ने की। भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक व नगर पालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी, गौशाला के प्रधान सतपाल शर्मा ने भाजपा नेताओं का पहुंचने पर स्वागत किया। श्री कृष्ण प्रणामी गोशाला के संस्थापक श्याम दास जी महाराज से आए अतिथियों ने आशीर्वाद लिया। मुख्य अतिथि विधायक मुकेश शर्मा ने कहा कि गन्नौर विधानसभा में आकर गोशालाओं को आर्थिक सहयोग देना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वह हर पंद्रह दिन में गन्नौर विधानसभा क्षेत्र के गांवों और वार्डों का दौरा करेंगे और लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगे। गन्नौर की सात गोशालाओं को 2 करोड़ 4 लाख 76 हजार रुपये के चेक बाटे है। गढ़ी केसरी प्रणामी गोशाला में गोशाला के लिए 52 लाख रुपये, शाहपुर गोशाला के लिए 14 लाख रुपये, सनपेडा गोशाला के 3 लाख रुपये, राजपुर गोशाला 3 लाख 25 हजार रुपये, गन्नौर मंडी गोशाला 35 लाख 19 हजार रुपये, राजपुर गोशाला 2 लाख रुपये, गढ़ी झझारा गोशाला को 17 लाख 35 हजार, की राशि के चैक दिए।





गन्नौर। विधायक मुकेश शर्मा का स्वागत करते भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक, गौशाला प्रधान सतपाल शर्मा व अन्य व प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली कार्यक्रम में संबोधित करते हुए साथ में नगर पालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी ।

### पिछले वर्ष गोशालाओं को 400 करोड़ की राशि बांटी

पिछले वर्ष गौशालाओं को 400 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई थी, गौ शाला बजट में लगभग 500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने वादा किया कि आने वाले दो महीनों में गन्नौर की सड़कों पर कोई भी आवारा पशु नजर नहीं आएगा। इसके लिए नंदीशालाओं की स्थापना और नस्ल सुधार कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे। इस अवसर पर गन्नौर विधानसभा क्षेत्र की आठ गौशालाओं को दो करोड़ चार लाख छिहत्तर हजार रुपये के चेक वितरित किए गए। इस राशि से गौशालाओं में रह रहे गोवंश को बेहतर देखभाल और सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली ने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल गौशालाओं को आर्थिक संबल देने का प्रयास था, बल्कि यह दर्शाता है कि सरकार समाज और संस्कृति की धरोहर गौवंश के संरक्षण के प्रति गंभीर है।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, जिला महामंत्री नीरज , राहुल कौशिक, मुकेश भारद्वाज, कष्ट निवारण समिति सदस्य योगेश कौशिक, अशोक कौशिक, नरेश कौशिक, गौरव, दीपक जैन, पूर्व जिला महामंत्री निशांत, राकेश मालिक के अलावा गणमान्य लोग मौजूद थे

### बाइक सवार को घेर कर किया हमला

सोनीपत। परशुराम चौक पर फिल्मी स्टाइल में 15-20 युवकों ने एक बाइक सवार को घेर पर उस पर लोहे की राड और तलवार से हमला कर घायल कर दिया। मारपीट में पीड़ित बेहोश होकर गिर गया। आसपास के लोग आए तो आरोपित मौके से गए। फिलहाल शिकायत पर थाना सिविल लाइन पुलिस ने छह नामजद सहित कई अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। बाबा कालोनी में रहने वाले गांव मोहम्मदाबाद के यश के दोस्त का कुछ युवकों के साथ झगड़ा हुआ था। यश ने झगड़े में बीच-बचाव करवाया था। इसी को लेकर दूसरे पक्ष के युवक उसे रंजिश बनाने हुए थे। यश ने पुलिस को बताया कि वह रविवार की शाम को कबीरपुर से बाबा कालोनी की ओर लौट रहा था। जब परशुराम चौक पर पहुंचा तो कृष्ण, डोगा, जोगी, अरमान, पारस और रामदिया कबाड़ी के बेटे ने बाइकों पर आए अपने 15-20 साथियों के साथ उसे रास्ते में घेर लिया। आरोपितों ने तलवार, लाठी-राड और तेजधार हथियारों से उसके ऊपर वार करने शुरू कर दिए। उसके सिर पर तलवार से वार किया गया। वहीं, हाथ व छाती पर भी चोट मारी।